# मिशन-डिजिटल इंडिया से हुए लाभ

मिशन डिजिटल इंडिया वर्ष 2015 में लांच किया गया था। तब से इस मिशन ने देश की आर्थिक तस्वीर बदल दी है। मिशन डिजिटल इंडिया से हुए लाभ निम्नलिखित हैं -

- डिजिटल इंडिया के प्रसार से भ्रष्टाचार कम करने के साथ ही चोरी रोकने में बड़ी मदद मिली है।
- डिजिटल क्रांति की मदद से ही जीएसटी नेटवर्क स्थापित हो सका और व्यापारी बिना किसी झंझट के आसानी से रिटर्न भरने लगे।
- कारोबारियों पर नजर रखना आसान हो गया, जिससे कर चोरी पकड़ी जाने लगी और राजस्व में इजाफा हुआ।
- ग्राहकों की डिजिटल भुगतान की आदत से कारोबारियों के टर्नओवर का पता लगने लगा और कभी सिर्फ नकदी में काम करने वाले कारोबारी टैक्स के दायरे में आ गए।
- नागरिक सुविधाएँ आसानी से मिलने लगीं; - शहर जाए बगैर इलाज, गांव में सरकरी काम घर बैठे होना, रोजगार के नए आयाम खुलना, घर बैठे विदेशों तक अपना सामान बेच पाना आदि।
- गरीबों को घर बैठे उनके हिस्से की राशि मिलना, किसानों की खेती का तरीका बदल जाना, आयुष्मान भारत के तहत करोड़ों लोगों को इलाज मिलना, आदि फायदे भी हुए है।
- मिशन डिजिटल इंडिया के कारण लोकतांत्रिक तरीके से अमीर-गरीब, बड़े शहर-छोटे शहर व गांव सबके लिए समान रूप से समान दर पर सेवाएं उपलब्ध हैं।

- मोबाइल फोन व इंटरनेट सेवा का तेजी से प्रसार हुआ। इंटरनेट सेवा की कीमत को काफी सस्ता रखने से ग्रामीण सेक्टर में तेजी से इंटरनेट का प्रसार हुआ।

*****